# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

Tital Code : RAJHIN27802

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-2 | अंक-106 | सागवाड़ा, सोमवार, 19 दिसम्बर, 2022 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


# भाजपा बोर्ड में 200 पट्टे से बांटे जिसकी जांच होनी चाहिए : खोडनिया

**भाजपा नेता और पार्षदों पर कच्ची बस्ती में पट्टे लेने का आरोप * तीनों पट्टे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी संस्थान केलिये अध्यक्ष सांसद कनकमल कटारा को की बक्शीश : कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने प्रेस वार्ता में लगाए आरोप**

**सागवाड़ा।** सागवाड़ा नगर पालिका में वर्ष 2012 में भाजपा के बोर्ड में कच्ची बस्ती के नाम से पट्टों की बंदरबांट करने का आरोप कांग्रेस नेताओं ने लगाया है। रविवार को जिला कांग्रेस के निवर्तमान जिला अध्यक्ष दिनेश खोडनिया, पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया और उपाध्यक्ष राजु मामा शेख की मौजूदगी में आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा बोर्ड में कच्ची बस्ती के नाम पर नगर की बेशकीमती भूमि के पट्टे बनाने का आरोप लगाया गया है। दिनेश खोडनिया ने कहा कि भाजपा बोर्ड में क़रीब 200 पट्टे ऐसे बांटे गए जो सागवाडा नगर पालिका की बेशक़ीमती भूमि थी। इसकी जांच की जानी चाहिए।

प्रेसवार्ता में बताया कि भाजपा नेताओं ने करीब 7500 स्क्वायर फीट भूमि को वर्ष 2012 में कच्ची बस्ती के नाम पर झूठा शपथ पत्र देकर ले लिया। उसके बाद उक्त भूमि को वर्तमान सांसद कनकमल कटारा जो कि डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी संस्थान सागवाड़ा के अध्यक्ष हैं उनके नाम बक्शीश रजिस्ट्री कर दी गई। खोडनिया ने बताया कि वर्ष 2012 में भाजपा के नगर अध्यक्ष श्याम भट्ट, पार्षद रजनीश व्यास और भाजपा नेता प्रवीण गोगरोत ने 2500-2500 स्क्वायर फीट के तीन पट्टे कच्ची बस्ती में लिए थे। तीनों ने कच्ची बस्ती में जो पट्टा लिया है वो झूठा शपथ पत्र देकर लिया है। इसके बाद भाजपा के तीनों नेताओं ने 2019 में अपनी भूमि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी संस्थान सागवाड़ा के अध्यक्ष वर्तमान सांसद कनकमल कटारा के नाम पर बख्शीश कर दी। इस दौरान भी सागवाडा नगर पालिका में भाजपा का बोर्ड था। खोडनिया ने बताया कि तत्कालीन भाजपा बोर्ड में करीब 400 पट्टे कच्ची बस्ती में आवंटित किए गए थे जिसमें 200 पट्टे ऐसे हैं जिसमें बंदरबाँट की गई। सागवाडा नगर की बेशक़ीमती भूमि को बंदरबांट करके आपस में बाँट लिया है। इस दौरान कांग्रेस नगर अध्यक्ष बंधु पाठक, ध्यानीकाका कंसारा, प्रदीप जोशी, अशोक जैन, संजय सारगिया, भरत भट्ट, पार्षद विमल कलासुआ, भरत जोशी सहित कई पार्षद मौजूद थे।



## खोडनिया का चैलेंज 3 हज़ार पट्टों की जांच करा ले भाजपा

कांग्रेस नेता दिनेश खोडनिया ने कहा कि कांग्रेस के बोर्ड द्वारा प्रशासन शहरों के संग अभियान में दिए गए 3000 पट्टों के बारे में भाजपा के नेता झूठा आरोप लगा रहे हैं ।

भाजपा के नेता इन 3000 पट्टों की जांच किसी भी एजेंसी से करा लें। खोडनिया ने कहां कि मैं भाजपा के नेता और सांसद को चैलेंज देता हूं कि वह इन पट्टों की जांच करा कर उसमें एक भी पट्टा फर्जी तरीके से जारी हुआ है यह साबित करके बता दें। इस दौरान पालिका उपाध्यक्ष राजू मामा शेख ने भी बताया कि भाजपा के नेताओं द्वारा उन पर भी चार पट्टे गलत तरीके से लेने का आरोप लगाया है जो सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि उन्हेंने पुश्तैनी जमीन के पट्टे लिए हैं जिसके नियमानुसार दस्तावेज भी नगरपालिका को दिए हैं।

# शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिला चुनाव सम्पन्न

**बामणिया की हैट्रिक, चौहान दूसरी बार बने मंत्री**

**सीमलवाड़ा ।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला डूंगरपुर का एकदिवसीय अधिवेशन एवं सत्र 2022- 23 के निर्वाचन रविवार को निर्वाचन अधिकारी गमीरचन्द पाटीदार एवं पर्यवेक्षक रणछोड़ पाटीदार व जितेंद्र पानेरी तथा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ ऋषिन चौबीसा, विभाग संगठन मंत्री प्रवीण जैन, पूर्व जिला अध्यक्ष भंवर सिंह चौहान, लक्ष्मीकांत जोशी, वासुदेव रोत के निर्देशन में डाइट परिसर डूंगरपुर में निर्विरोध संपन्न हुए। जिला चुनाव में बलवन्त बामणिया लगातार तीसरी बार जिला अध्यक्ष एव दिलीप सिंह चौहान दूसरी बार निर्विरोध मंत्री बने।

वही सम्पूर्ण जिला कार्यकारिणी को निर्विरोध चुना गया जिसमें सभाध्यक्ष भारत सिंह राणावत,उपसभाध्यक्ष उदय सिंह चौहान, संजय गांधी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र भट्ट, उपाध्यक्ष देवानन्द उपाध्याय,उपाध्यक्ष दक्षा कलाल, उपाध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा लक्ष्मण लाल खराड़ी, उपाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षा कल्पेश मेहता, सचिव माध्यमिक राजेन्द्र सिंह वणवासा, सचिव प्राथमिक सुदर्शन सिंह चौहान, अतिरिक्त जिला मंत्री राजेन्द्र मीणा, महिला मंत्री वर्षा बारिया, कोषाध्यक्ष भरत लाल पाटीदार को मनोनित किया गया है। पदेन सदस्य के रूप में अध्यापक सदस्य सुशील कुमार जैन, पंचायत समिति शिक्षक सदस्य जगमोहन यादव, वरिष्ठ अध्यापक सदस्य जगदीश पाटीदार, प्रधानाचार्य/प्राध्यापक सदस्य दिनेश जैन, सेवानिवृत शिक्षक सदस्य भवर सिंह चौहान पदों पर निर्विरोध चुने गए। जिला निर्वाचन में विनोद भट्ट, अमृत लाल पाटीदार, नवनीत भट्ट , महेंद्र सिंह रेलड़ा, निखलेश मेहता, राजेन्द्र सिंह बेडसा, राजेश पाटीदार, रामलाल कटारा, योगेश डामोर ,मोहन लाल कलासुआ, राकेश पंड्या, शंकर लाल कलासुआ , कोमेंद्र सिंह चौहान, सुल्तान सिंह चौहान ,10 उपशाखा से सीमलवाड़ा मुकेश कोठारी, डायालाल कलाल, सागवाड़ा से प्रवीण सुथार, विनीत श्रीमाली, आसपुर उज्ज्वल सिंह शक्तावत, डूंगरपुर दीपक रोत, चंदन सिंह राजावत, चिखली सुंदरलाल गरासिया, अमृत लाल पाटीदार, गलियाकोट शंकर लाल बुनकर, धनेश्वर पाटीदार, दोवड़ा शंकर लाल कटारा, नागेंद्र मीणा, झोथरी पोपट लाल कटारा, महेंद्र कुमार डामोर, बिछीवाड़ा दिनेश मीणा, कांतिलाल कलासुआ, साबला जगदीश शर्मा, नारायण लाल मीणा के उपशाखा अध्यक्ष, मंत्री महिला मंत्री जिला कार्यकारिणी सदस्य सहित 250 सदस्य ने अपनी उपस्थिति दी।

# छोटे भाई पर जान लेवा हमले के आरोप में बड़े भाई को जेल

**सीमलवाड़ा ।** धंबोला पुलिस ने छोटे भाई पर जान लेवा हमला करने के आरोप में 6 माह से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया था जिसे कोर्ट ने जेल भेजा है। सीआई हजारीलाल मीणा ने बताया कि आरोपी मेवड़ा फला निचला निवासी जयंती लाल पुत्र रामचंद्र रोत को गिरफ्तार किया था। सीआई हजारीलाल मीणा ने बताया कि आरोपी की मां प्रार्थियां कमला पत्नी रामचंद्र रोत ने रिपोर्ट दी थी जिसमें बताया था कि 2 जून 2022 को शाम 6 बजे आंगन में सोई थी, बड़े लड़के ने अपने घर से शराब पीकर गालियां दी थी। उस समय छोटा बेटा मगन जोकि घर से बाहर निकला और बड़े भाई जयंती लाल को बोला की मां को गाली क्यों दे रहा है, उस बात पर आवेश में आकर जयंती लाल ने अपने घर से धारदार लेकर दौड़ा और छोटे भाई मगन पर हमला कर दिया था। पेट पर हमला करने से वो गिर पड़ा और लहूलुहान हो गया था। मगन चिल्लाने पर मगन की पत्नी कल्पना और प्रार्थिया मां ने बीच बचाव किया था । मौके से जयंती लाल फरार हो गया था । गंभीर रूप से घायल मगन को अस्पताल में भर्ती कराया था। पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए गुजरात चला गया था। आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर सीआई हजारीलाल मीणा ने हैड कांस्टेबल चेतन लाल कलाल और नरेंद्र कुमार की टीम बनाई थी।

# गोविंद गुरु का जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा तैयारी बैठक आयोजित

**सीमलवाड़ा ।** गोविंद गुरु का जन्मोत्सव 20 दिसंबर को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। वागड़ संत गोविंद गुरु की जन्मस्थली मड़ी मगरी धाम बांसिया में जन्मोत्सव को लेकर तैयारी बैठक गादीपति करण गिरी महाराज की अध्यक्षता में आयोजित हुई। कार्यक्रम को लेकर अलग अलग कमेटियों का गठन किया गया। महा प्रसादी उपैया निवासी करण भाई बंजारा की ओर से होगी। टेंट, पानी, पाठ पूजन, भजन कीर्तन सहित व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा कर दायित्व सौंपे गए। उल्लेखनीय है कि हर साल यह आयोजन राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद की ओर से किया जा रहा था लेकिन इस साल सभी भक्त मेट कोतवाल की ओर से सामूहिक से किया जा रहा है। बैठक में पंचायत समिति सदस्य विमल प्रकाश डोडियार, वासुदेव बरजोड़, दिनेश रोत, पंकज बंजारा, उदय लाल बंजारा, दशरथ बंजारा, प्रताप भाई बंजारा, भवानी भाई, हक्सी भाई, दिलीप डोडियार, जगदीश बंजारा, महिपाल कलासुआ, अरविंद रोत, भूरा डामोर, दशरथ बरंडा, रामचंद्र रोत, सत्यपाल, हुका डामोर, नरेंद्र कुमार बंजारा, जोधा भाई सहित मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब की ओर से शिविर आयोजित

**सागवाडा।** रोटरी क्लब के तत्वाधान में शाह ऑर्थोपेडिक हॉस्पिटल सागवाड़ा के सौजन्य से डा.विपिन शाह के मार्गदर्शन में अहमदाबाद के डॉ. विक्रम शाह की टीम द्वारा हड्डी व जोड संबंधित समस्याओं के लिए निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें रोटरी क्लब अध्यक्ष वैभव गोवडिया द्वारा अभिनंदन किया गया।

# सकल जैन समाज ने सासंद को सौंपा ज्ञापन: सम्मेद शिखर तीर्थ को पर्यटन क्षेत्र घोषित करने का जताया विरोध



**सागवाडा।** सम्मेद शिखर जी तीर्थ को पर्यटन क्षेत्र घोषित करने के विरोध में सकल जैन समाज उनकी ओर से रविवार को डूंगरपुर बाँसवाड़ा के सांसद कल कनकमल कटारा को ज्ञापन में सौंपकर विरोध जताया गया। 18 हज़ार दशाहुमड जैन समाज के अध्यक्ष दिनेश खोडनिया के नेतृत्व में डूंगरपुर बांसवाड़ा के सकल जैन समाज की ओर से देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व केंद्रीय पर्यावरण मंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा गया। दिनेश खोडनिया ने बताया कि जैन समाज के तीर्थराज सम्मेद शिखर को झारखंड और केंद्र सरकार द्वारा पर्यटन स्थल घोषित करने का विरोध किया जा रहा है । खोडनिया कहा कि शिखर जी पर्यटन नहीं बल्कि धार्मिक जैन तीर्थ है। जैन समाज अहिंसा को मानने वाला धर्म रहा है। इस पर सांसद कनकमल कटारा ने कहा कि जैन समाज की भावनाओं को वो राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और वन और पर्यावरण मंत्री तक पहुंचाएंगे। इस अवसर परनगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया, सुरेश संघवी, महेश सेठ, अजित कोठिया, आदिश खोडनिया, अशोक जैन, निवेश संघवी, संजय सारगिया, भरत शाह सहित कई जैन बंधु मौजूद रहे।

# राज भोई समाज रनिंग क्रिकेट प्रतियोगिता की नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन



**डूंगरपुर।** शहर के मुरला गणेश मंदिर परिसर में रविवार को राज भोई समाज रनिंग क्रिकेट प्रतियोगिता की नवीन कार्यकारिणी का गठन हुआ। बैठक में सर्व सम्मति में कार्यकारणी का गठन किया गया। जिसमे में अध्यक्ष पद पर बनकोड़ा से मुकेश भोई, उपाध्यक्ष पद पर डूंगरपुर मयूर भोई, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुमित भोई सीमलवाड़ा, संयोजक पद कुणाल भोई सागवाड़ा, सह संयोजक जयराज गलियाकोट,मीडिया प्रभारी नरेश भोई,सचिव आसपुर प्रितेश भोई,सह सचिव पद राजेश भोई पाराडा सकानी तथा कोषाध्यक्ष पद पर भावेश भोई को सर्व सम्मति से चुना गया। बैठक में प्रत्येक वर्ष आयोजन होने वाले क्रिकेट प्रतियोगता के आयोजन को लेकर चर्चा की गई। बैठक में मनोज भोई, संदीप भोई,अजय भोई, विराट भोई, भावेश, रविभोई बनकोडा, जिगर भोई, राहुल भोई, रोशन भोई दीवड़ा बड़ा, किद्ध, दिलपेश भोई, राजा भोई, हार्दिक, राज भोई, प्रवीण भोई मौजूद रहे।

## राहुल गांधी पर भगवान राम का आशीर्वाद,यात्रा को जनता रेस्पांस दे रही:खाचरियावास

**जयपुर।** राजस्थान में खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा और जोधपुर के भूंगरा में हुए गैस हादसे को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा, राहुल गांधी पर भगवान राम का आशीर्वाद है और उनकी भारत जोड़ो यात्रा को जनता बहुत रेस्पांस दे रही है। बीजेपी के नेता तो ये कहते थे कि बीजेपी नहीं होती तो भगवान राम समुद्र में होते। राहुल गांधी ने इनसे कहा है कि इन्होंने तो सीता माता का नाम ही भगवान राम से अलग कर दिया। हम तो जय सियाराम बोलते हैं, जबकि बीजेपी वाले जय श्रीराम का नारा लगाते हैं। खाचरियावास ने रविवार को मीडिया से बातचीत में मोदी सरकार पर जमकर निशाने साधे। जोधपुर के भूंगरा में गैस हादसे की दोषी तेल कम्पनियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।


